पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल से मिलकर गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नववर्ष की बधाई दी

——————

लखनऊ : 1 जनवरी, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों एवं अधिकारियों ने भेंट कर नववर्ष की बधाइयों का आदान–प्रदान किया। इससे पूर्व राज्यपाल जी ने राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा राजभवन परिसर में अध्यासित कर्मियों के बच्चों से भेंट कर उन्हें नववर्ष की बधाई दी और बच्चों को टॉफियां वितरित की।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर राजभवन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों से अपील की कि वे जिस पद का दायित्व सम्हाल रहे हैं उस पर अपना सर्वोत्तम योगदान देकर अपने प्रदेश एवं देश को विकास के सर्वोच्च शिखर पर ले जाने का कार्य करें।

नववर्ष के अवसर पर राज्यपाल जी से भेंट कर बधाई देने वालों में विधि एवं न्याय मंत्री श्री ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री मोहसिन रजा, सांसद श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, डी0जी0पी0 श्री मुकुल गोयल, लखनऊ मण्डलायुक्त श्री रंजन कुमार, लखनऊ जिलाधिकारी श्री अभिषेक प्रकाश, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के निदेशक प्रो0 आर0के0 धीमान, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय, शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह, लखनऊ मेट्रो के डायरेक्टर श्री केशव कुमार, फ्लिपकार्ट संस्था के प्रदेश हेड हसन याकूब सहित अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित थे।

————————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (118/1)
सम्पर्क सूत्र 9453005360

IPS